Shri Nambiar: Whatever be the number. I have tried my best. Even after moving this Resolution, I went to Mr. Lal Bahadur Shastri. I said, I must be given some time for a patient representation of my case. He said, "you come to me, we will again discuss". Here it is not a question of Communists at all. They say these men are Communists. If you can bear with me, separately in the Chamber, I can show you every individual case and convince you that out of these 365, there will not be hardly more than half a dozen who are Members of the Communist party.

Mr. Deputy-Speaker: They say, 172

Shri Nambiar: No; there are 365.

Mr. Deputy-Speaker: The case started with 172 discharged.

Shri Nambiar: There are many other cases which do not come under their category. I have got a full list, I can give the list. It is not a question of bringing the Communist bogey everywhere. We will have to speak of the Communist bogey on every issue under the sun in India because on various issues we have difficulties. Whenever you have difficulties, there is no use saying there are the Communists. That will not be a solution of the problem. You will have to reconsider the question. I appeal to you once again. They are not going to accept my Resolution. They are going to vote it down. Let them vote it down. Any how let them carry this appeal from me to reconsider. The whole Opposition will be united in putting our case to them once again. With these words, I press my Resolution.

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

> "This House is of opinion that the Safeguarding of National Security Rules, 1949 introduced in the Railways, Postal, Defence and all the other Central Government Services to discharge Government employees without recourse to normal procedure of disciplinary rules be cancelled forthwith and all those discharged or suspended under these rules be reinstated."

The motion was negatived.

RESOLUTION *RE* LEGISLATION ON UNTOUCHABILITY

श्रीमती मिनीमाता (बिलासपुर-दुर्ग-रायपुर—रक्षित-अनुसूचित जातियां) : मैं प्रस्ताव करती हूं :

> "इस सदन की राय है कि इस उद्देश्य से कि अनुसूचित जातियां सामाजिक, नागरिक तथा धार्मिक विषयों में उन्हीं अधिकारों का प्रभावी ढंग से उपभोग कर सकें जो अन्य लोगों को प्राप्त हैं। संसद् द्वारा तुरन्त ही एक ऐसा व्यापक विधान बनाया जाय जिसमें छूतछात बरतने पर दंड देने की व्यवस्था हो और जिसमें ऐसे अपराधों के मामले सुनने का अधिकार रखने वाले न्यायालयों द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया का तथा अपराधियों को दिये जाने वाले दंड का विशेष रूप से उल्लेख हो"

["This House is of opinion that with a view to enable Scheduled Castes to enjoy effectively the same rights in social, civil and religious matters as are enjoyed by others, a comprehensive law may be enacted forthwith by Parliament for the punishment of the practice of untouchability laying down in particular the procedure to be followed by the Courts having jurisdiction to try such offences and the penalty to be meted out to offenders."]

उपाध्यक्ष महोदय, इस सदन को यह मालूम है कि समाज मनुष्यों का समुदाय है। उत्तर मध्यम काल में समाज के मुखियों ने पेशे के आधार पर कुछ वर्ण बनाये थे परन्तु कालान्तर में यह पौधा एक बड़ा झाड़ बन गया। इस तरह आप मुझ से सहमत जरूर होंगे कि जाति विभाजन मनुष्यों के द्वारा बनायी हुई चीज है। इसके विस्तृत रूप धारण करने से भारत को भूत में किन किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, वर्तमान में क्या क्या करनी पड़ रही हैं और उससे भारत को क्या क्या क्षति होती जा रही है यह आप सब को मालूम है। स्वर्गीय राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी ने हम सब को एक साथ खाने, एक साथ रहने तथा मनष्य से मनुष्य को छूआ-छूत नहीं मानना चाहिए इस ओर बहुत

[श्रीमती मिनीमाता]

कुछ किया और उन्हें कहां तक सफलता मिली इस सदन को ज्ञात है। उपाध्यक्ष महोदय, जिस तरह एक मां बाप के चार लड़के हैं और उनमें से किसी एक को केवल उसके किसी बात पर ग़ौर न कर अलग कर देने से यदि सब को नहीं तो उसकी मां को अवश्य पीड़ा होती है। ठीक इसी तरह हमारे अन्य हिन्दू भाई हमें अलग रखेंगे तो भारत मां को पीड़ा होगी और इससे वह क्षीण होती जाती है। हम एक भारत मां से सपूत हैं और सब को अपनी मां की पीड़ा दूर करने का प्रयास जरूर करना चाहिये। मैं मानती हूं कि भारत के संविधान के भाग ३ धारा १७ पर छूआछूत निवारण संविधान तैयार किया गया परन्तु यह व्यावहारिक रूप में अमल में नहीं लाया जाता। जिस तरह एक चोर को चोरी करने के अपराध में किस प्रकार की अदालत में उसकी चर्चा होगी और उसे कितने आर्थिक तथा शारीरिक दंड दिया जाता है इसका उल्लेख पूर्ण रूप से भारतीय कानून ताजीरात हिन्द में पाया जाता है। संसद जानती है कि हमारे नये संविधान के पहले भारत के कुछ राज्यों में छूआछूत निवारण कानून बनाये जा चुके हैं और किन्हीं किन्हीं प्रान्तों में संविधान आने के बाद बनाये गये हैं। ये सब एक से नहीं हैं। यदि इसमें वे कुछ हेर फेर करें संशोधन के रूप में तो उच्च न्यायालयों में उसकी मान्यता शायद नहीं होगी। अर्थात् भारत में एक विशेष विषय पर भिन्न भिन्न कानून बनाये गये हैं यह मेरी निगाहों से ठीक नहीं है। क्योंकि ये सब कानून बारंट केस नहीं हैं। इस कारण थानेदार इसको अमल में लाने में तनिक परवाह नहीं करते। इससे इस सदन से मेरा अनुरोध कि इसके द्वारा एक विस्तृत कानून बनना चाहिये जो सारे देश में लागू होना चाहिये ऐसे कानून को कौन अदालत सुनेगी और कितना शारीरिक तथा आर्थिक दंड अवहेलना करने वाले को मिलेगा इन सब बातों का उल्लेख हो आखिर में अब तो यह काम शुरू होना चाहिये। इस कारण हमारे थानेदार को इस क़ानून को अपनाने के लिये विशेष हिदायतें देनी चाहियें तथा वारंट केस बनाने के लिये आदेश देने चाहियें। ऐसा विधान बनाने से राज्य के ज़रिये से बहुत सा काम हो जाता है, इसकी गवाही इतिहास देता है। अध्यक्ष महोदय के ध्यान को मैं इस सिलसिले में लाना चाहती हूं कि छूआछूत के बारे में कई जगह मर्डर केसेज़ हो रहे हैं और हरिजन काश्तकार अपने घर से डर के मारे नहीं निकलते हैं। हम हरिजनों को गरमी के दिनों में कुएं से पानी भी नहीं भरने देते और पीने भी नहीं देते।

और भी कई कठिनाइयों को हम को सहन करना पड़ता है। क्या हम सदा के लिये ऐसे ही गिरे हुए ही रहेंगे या आगे हम को बढ़ने दिया जायेगा। हमारे विरोधी पार्टी वाले भाई देहातों में जाकर यह प्रोपैगेंडा करते हैं कि कांग्रेस सरकार तुम्हारा क्या कर रही है और क्या करेगी। वह कहते हैं कि तुम सब लोग बहुमत देकर कांग्रेस को अधिकार देते हो, और वह तुम हरिजनों को सदा ही नीचे दिखा रही है। यह सब विरोधी लोग जाकर प्रोपैगंडा करते हैं। इसलिये जनता बहुत दुःखित है और हम हरिजन अपना दुःख सदा आप के सामने लाते हैं पर हमारी सरकार हमारी तरफ़ ध्यान नहीं देती है। इसलिये ज़रा ध्यान देकर इस रिजोल्यूशन को पास कर के इसी सेशन में इस के अनुसार क़ानून पास करें।

हां, हम हरिजन एक भी कांग्रेस के खिलाफ़ नहीं हैं। पर हमारी दशा गिरती ही जा रही है। सरकार के खिलाफ़ तो हम हरिजन हैं ही नहीं, सदा उनके बन्धन में हैं।

जैसा कहती हैं वैसा ही करते हैं। हम तो कांग्रेस सरकार को कामधेनु गैया की तरह समझते हैं जिस को पकड़ कर हम हरिजन वैतरणी नदी पार करना चाहते हैं। पर कांग्रेस सरकार हम को बहुत ही गिराना चाहती है।

[SHRIMATI RENU CHAKRAVARTTY *in the Chair*]

Mr. Chairman: Resolution moved:

"This House is of opinion that with a view to enable scheduled Castes to enjoy effectively the same rights in social, civil and religious matters as are enjoyed by others, a comprehensive law may be enacted forthwith by Parliament for the punishment of the practice of untouchability laying down in particular the procedure to be followed by the Courts having jurisdiction to try such offences and the penalty to be meted out of offenders."

Now, there are a number of amendments.

Shri P. T. Chacko (Meenachil): Let us catch your eye.

Mr. Chairman: Let me first finish.

Of the amendments which have been sent in, there is one by Shri S. N. Das and Shri Radha Raman. That is in order.

Shri S. N. Das (Darbhanga Central): I beg to move:

That for the original Resolution, the following be substituted:

"This House is of opinion that a comprehensive law should soon be enacted to ensure that the practice of untouchability and the resultant disabilities are removed immediately leading to equal social status of all the citizens and bringing the offenders in this respect to book in an expeditious manner."

Mr. Chairman: Then, there is amendment No. 3 by Mr. B. S. Murthy. That, of course, is enlarging upon the original Resolution. He wants to include Scheduled Tribes and backward classes. I am afraid that is beyond the scope of this Resolution, and as such, that is out of order.

Does Shri Raghunath Singh want to move his amendment? He is not present.

Amendment No. 4 by Shri B. S. Murthy. Again, this wants to enlarge upon the original Resolution, and is therefore, out of order.

Amendment No. 5 by Shri P. N. Rajabhoj. The Resolution is only about untouchability. He wants that the Scheduled Tribes also be included. If that had not been included, it would have been in order.

Shri P. N. Rajabhoj (Sholapur—Reserved—Sch. Castes): You can put "Scheduled Castes".

Mr. Chairman: That is amending the amendment. I am afraid that cannot be allowed. He should have looked into it. Now, I shall call upon....

Shri B. S. Murthy (Eluru): You did not understand the purpose of my second amendment.

Mr. Chairman: The second amendment also says that there should be an Advisory Committee for the Scheduled Tribes, *i.e.*, that the original Resolution be expanded to include Scheduled Tribes. The Resolution deals only with untouchability, and the extreme form of the amendment could be to put in "Scheduled Castes" and not "Scheduled Tribes". As such, this is out of order.

Shri B. S. Murthy: May I submit that besides untouchability there are social disabilities that are always standing in the way of the uplift of the backward classes as well as tribal people.

Mr. Chairman: I understand his point, but that is not what he has said in the amendment. If he had said that, it would have been in order.

Shri B. S. Murthy: Please read the whole thing.

Mr. Chairman: I have read the whole thing. I am afraid it cannot be allowed. Now, I will first call upon Shri S. N. Das and Shri Radha Raman, and afterwards, others who catch my eye.

श्री० एस० एन० दास (दरभंगा मध्य): जो प्रस्ताव अभी सदन के सामने रखा गया है इस प्रस्ताव का महत्व इस सभा के सदस्यों से छिपा हुआ नहीं है और सरकार भी उसके महत्व से अपरिचित नहीं है। इस प्रस्ताव का आशय उन सभी विधान की धाराओं को कार्य रूप में लाने का है जिनके द्वारा संरक्षण या मौलिक अधिकार तथाकथित हरिजनों को दिये गये हैं। इस बात को इस संसद् के

[श्री एस० एन० दास]

सभी सदस्य मानते हैं कि हिन्दुस्तान में बहुत बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं जिन्हें सामाजिक अधिकार सभी नागरिकों को मिलने चाहियें वे उन को प्राप्त नहीं हैं। जब से हम लोग आजाद हो गये और हम ने अपने विधान का निर्माण कर लिया, उस समय से इस प्रश्न की ओर विशेष ध्यान दिया जाने लगा है, यद्यपि इस से पहले भी महात्मा गांधी के नेतृत्व में और उससे पहले भी हिन्दुस्तान में बहुत से सामाजिक सुधारक हुए हैं जिन्होंने इस विषय के महत्व की ओर हिन्दुस्तान की जनता का विशेष कर तथा कथित उच्च वर्ण के लोगों का ध्यान खींचा है। इस बात को हम सभी मानते हैं कि हिन्दुस्तान के अन्दर जो सामाजिक विषमता है उसकी जड़ में धर्म और जाति का स्थान है। हिन्दुस्तान के अन्दर जो विभिन्न धर्म के मानने वाले हैं उन में विभिन्न विचार और विभिन्न प्रकार की धारणाएं हैं। लेकिन हिन्दू धर्म के अन्दर किसी भी कारण से हो, इतिहास का पन्ना उलटने की जरूरत नहीं है, कि हिन्दुओं में सभी लोगों के साथ जैसा व्यवहार एक नागरिक को दूसरे नागरिक के साथ करना चाहिये वह सामाजिक तौर पर नहीं है। विधान के द्वारा हिन्दुस्तान के करोड़ों लोगों को बिना किसी भेद भाव के, हम ने मतदान का अधिकार दे दिया है। इससे हमारे देश में राजनीतिक न्याय कायम हो चुका है और यह कोई नहीं कह सकता कि राजनतिक रूप से हिन्दुस्तान में कोई नीचा या ऊंचा है।

लेकिन बावजूद इस बात के कि विधान में हमने मान लिया है कि हम राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय हर भारतवासी के लिए उपलब्ध करेंगे, फिर भी हम देखते हैं कि आज हिन्दुस्तान का जो समाज है, उस समाज में बहुत बड़ी तादाद ऐसे लोगों की है जिनको समान सामाजिक अधिकार नहीं मिले हुए हैं। माननीय सदस्य ने इस सदन के सामने जो प्रस्ताव रक्खा है मैं समझता हूं कि उस प्रस्ताव का मुख्य मतलब यही है कि हिन्दुस्तान के अन्दर एक ऐसा क़ानून बनाया जाय जिस से देश में अस्पृश्यता न रहे और सभी नागरिकों को समान सामाजिक अधिकार और स्थान प्राप्त हो। ऐसा व्यापक क़ानून बनाना चाहिए जिससे यह अधिकार उन्हें प्राप्त हों और उस क़ानून की अवहेलना करने वालों को उस क़ानून के द्वारा यथोचित सजा मिल सके, ताकि इस प्रकार की जो विषमता हमारे समाज के अन्दर है वह जल्द से जल्द दूर हो जाय। और यह बात भी ठीक है कि इस बारे में सरकार और हम संसद् के जो सदस्य हैं उनमें कोई मतभेद नहीं है, लेकिन इतना मानना पड़ेगा कि बावजूद इस बात के कि हमने विधान में इस बात को मान लिया है, हम व्यवहारिक रूप में अपने जीवन में और समाज के जीवन में उसको अमल में नहीं ला सके हैं। इसलिये जरूरत इस बात की है कि एक ऐसा क़ानून बनाया जाय जो व्यापक तौर पर सभी राज्यों में एक समान लागू हो और जो राज्य सरकारें आज इसकी तरफ़ पूरा ध्यान नहीं दे रही हैं, इस प्रकार का क़ानून बनने के बाद तमाम राज्य की सरकारें इस बात की ओर विशेष ध्यान दें। यह बात म मानता हूं कि देश की आज जैसी अवस्था है, उस अवस्था में सिर्फ क़ानून बनने से ही यह काम पूरी तौर पर होने वाला नहीं है। दोनों मोर्चों पर काम करने की जरूरत है। विधान बना कर या क़ानून बना कर बराबरी का अधिकार देकर उस पर जोर देना एक मोर्चा है। दूसरा मोर्चा यह है कि देश में जितनी भी सामाजिक स्थायें अथवा नागरिक हैं जो विश्वास करते हैं कि समाज के अन्दर सब को बराबर अधिकार मिलने चाहिये

और कुओं तालाबों आदि का सबके द्वारा समान रूप से इस्तेमाल होना चाहिए, वह सामाजिक संस्थाओं के द्वारा या व्यक्तिगत रूप से अपने अपने क्षेत्रों में इसके लिए प्रयत्न करें और प्रचार करें ताकि यह जो कलंक हमारे देश के अन्दर लगा हुआ है, वह मिट जाय और संसार के दूसरे देशों में जो बदनामी होती है, उससे हम बच जायें। इस बात को भी हमें क़बूल करना पड़ेगा कि जब हमारे देश के प्रतिनिधि अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं में जाते हैं और जब हम वर्ण और रंग की बुनियाद पर अफ़्रीका आदि देशों में भारतीयों के साथ जो भेदभाव की नीति बरती जाती है उसके विरुद्ध जब वे बोलने खड़े होते हैं, तो विदेशी प्रतिनिधि हमारे देश की ओर इशारा करते हुए कहते हैं कि स्वयं हिन्दुस्तान में भी तो करोड़ों आदमी ऐसे बसते हैं जिनके साथ आज बराबरी का बर्ताव नहीं किया जाता और उस समय हमें उसका कुछ जवाब देते नहीं बन पड़ता और हमारा सिर लज्जा और शर्म से झुक जाता है, यह वास्तव में हमारे लिए बड़े लज्जा और शर्म का विषय है। हमारे देश की सरकार को चलाने वाले जो हमारे कर्णधार हैं, वह भी इस बात को समझते हैं; फिर भी जरूरत इस बात की है कि जल्द से जल्द एक ऐसा क़ानून बनाया जाय जिस के ज़रिए भारतीय संविधान में जो हमने मौलिक अधिकार व संरक्षण प्रदान किये हैं, उनको कार्य रूप में लाया जा सके। इसी बात को लेकर मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करने खड़ा हुआ हूं। मैं ने जो संशोधन पेश किया है उस संशोधन की ओर सभानेत्री जी मैं आपका ध्यान खींचना चाहता हूं, इस प्रस्ताव में जो यह कहा गया है कि :

"This House is of opinion that with a view to enable Scheduled Castes to enjoy effectively the same rights in social, civil and religious matters....."

"Religious matters" अगर इसमें से हटा दिया जाय तो मैं सारे सदन से इस बात की सिफ़ारिश करूंगा कि इस प्रस्ताव को मंजूर करे और मुझे पूरी आशा है और विश्वास है कि इसको सरकार का भी समर्थन प्राप्त होगा। हिन्दू धर्म में वैसे तो इस बात का सिद्धान्त है कि हर हिन्दू धर्म को मानने वाले के साथ समान और बराबरी का बर्त्ताव किया जाना चाहिए लेकिन जहां तक राज्य और संसद् द्वारा क़ानून बनाने का सवाल है हम किसी धर्म के मानने वाले को मजबूर नहीं कर सकते हैं कि वह धर्म का किस तरह पालन करे। उनके धर्म के अन्दर हम हस्तक्षेप नहीं कर सकते, इसलिए इस प्रस्ताव में धर्म के मुतालिक़ जो बातें कही गयी हैं, उनको हटा दिया जाय, तब मैं समझता हूं कि सरकार अथवा संसद् को इसे स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं होगी। हर एक धर्म का भिन्न-भिन्न रूप और व्यवहार होता है और मैं समझता हूं कि संसद् किसी भी धर्म के मानने वाले चाहे वह ग़लत तरीक़े से ही उसे क्यों न मानते हों, उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता है इसलिए मैं समझता हूं कि जैसा कि हमने विधान में यह मान लिया है कि हिन्दुस्तान में जितने भी लोग बसते हैं और यहां के नागरिक हैं, उनमें किसी सामाजिक, राजनैतिक या आर्थिक बात को लेकर कोई भेद भाव नहीं किया जायगा, इसी को आधार मान कर हमें क़ानून बनाना चाहिए। जहां शिक्षा संस्थाओं में तथा कथित हरिजनों के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उनकी सभी असुविधायें मिट गई हैं मैं आपको बतलाऊं कि आज एक नहीं सैकड़ों गांव ऐसे मौजूद हैं जहां पर हरिजनों को कुओं का पानी इस्तेमाल करने की स्वतन्त्रता नहीं दी जाती है और जब इस कुप्रथा को बन्द करने के लिये बहुत आग्रह किया जाता है तो यह कहा जाता है कि हम गांव में हरिजनों के लिये अलग कुएं बनवा देंगे आज के दिन भी हिन्दुस्तान के करोड़ों आदमियों को उनके उचित और न्यायसंगत मानवोचित

[श्री एस० एन० दास]

अधिकारों से वंचित रखना हमारे लिये बड़े कलंक की बात है। एक नहीं, दो नहीं, सैंकड़ों गांव हिन्दुस्तान में ऐसे मिलेंगे जहां पर आज भी हरिजनों के लिए कुएं से पानी पीने का इन्तजाम नहीं है, सरकार की तरफ से अथवा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड या म्यूनिसिपल कमेटियों की ओर से हर गांवों में कुएं नहीं बने हुए हैं और वहां व्यक्तिगत लोग स्वयं अपनी ओर से कुएं बनवाते हैं और फलस्वरूप हर एक नागरिक को उन कुंओं पर पूरा अधिकार नहीं होता है। इसलिए आज इस बात की बहुत जरूरत है कि उन स्थानों पर जहां सरकार द्वारा कुंए बनवाये जायें, वहाँ सामाजिक संस्थायें इस बात का प्रचार करें कि जो मौलिक अधिकार सभी नागरिकों को विधान के अन्दर मिले हुए हैं उन का उपयोग सब नागरिक समान रूप से बिना किसी भेद भाव के करें। केन्द्रीय सरकार की रिपोर्ट को देखने से ज्ञात होता है कि केन्द्रीय सरकार ने कई बार इस संसद् के सामने कहा है कि हम इस बात के ऊपर विचार कर रहे हैं लेकिन मालूम नहीं सरकार कब तक उस पर विचार करती रहेगी, मैं यह बात मानता हूं कि विभिन्न राज्यों में इस हेतु क़ानून भी बनाये गये हैं जिन में अस्पृश्यता को क़ानूनन अपराध ठहराया गया है, लेकिन अभी असुविधाओं को पूरे तौर पर नहीं दूर किया जा सका है। इस लिए इस बात की जरूरत है कि केन्द्रीय सरकार इस चीज़ को अपने हाथ में ले और एक आल इंडिया लेविल पर क़ानून बनाये। केन्द्रीय सरकार को यह काम अपने हाथ में लेना आवश्यक है ताकि यह काम सब जगह ठीक प्रकार से सम्पन्न किया जा सके। मैं समझता हूं कि मौलिक अधिकार जो हमने अपने विधान में तथाकथित हरिजन भाइयों के लिये रक्खे हैं, उनको कार्य रूप में परिणित करने के लिये अगर केन्द्रीय सरकार कोई क़ानून बनाये, तो उसका अच्छा असर देश पर पड़ने वाला है। इसलिए मैं इन बातों के साथ इस प्रस्ताव का अपने संशोधन के मुताबिक समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि माननीय मंत्री इस प्रस्ताव को संशोधित रूप में स्वीकार करेंगे और जल्द से जल्द दूसरे अधिवेशन में एक ऐसा विधेयक इस सभा के सामने रक्खेंगे ताकि देश के अन्दर यह जो विषमता का कलंक है, वह दूर हो जाय और आज हमारे करोड़ों हरिजन भाइयों के दिल में जो यह ख्याल है कि तथाकथित उच्च वर्ण के लोग उनके साथ उचित व्यवहार नहीं करते हैं, यह ख्याल उनके दिल से दूर हो जाय और देश के सब लोग एक साथ मिल कर बराबरी के दर्जे पर चल कर देश की तरक्की और नवनिर्माण के कार्य में जुट जायं। इसी आशा और विश्वास के साथ में इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि माननीय मन्त्री जी इस प्रस्ताव को स्वीकार करेंगे।

Mr. Chairman: Amendment moved:

That for the original Resolution, the following be substituted:

"This House is of opinion that a comprehensive law should soon be enacted to ensure that the practice of untouchability and the resultant disabilities are removed immediately leading to equal social status of all the citzens and bringing the offenders in this respect to book in an expeditious manner."

I should like to say a few words. There is a very large section of poeple who want to participate in this debate, and I would like to call upon as many Members as possible. So I would request hon. Members, to speak for a short time each, so that we might get the largest participation.

Shri Barman (North Bengal—Reserved—Sch. Castes): May I submit, that this is a very important matter? Fortunately it has come before this august Parliament for the first time. So far as the Scheduled Castes

are concerned, we are very much concerned about this Resolution. In this debate, we would like to hear all parties and all the different sections of the House, and to know what their views are, so far as legislation by this Parliament is concerned. What I would submit is that, so long as the rules of debate are not infringed, you may kindly allow all Mebmers to speak, as we would like to have a thorough debate on this point.

Mr. Chairman: There is absolutely nothing preventing people from participating in this debate fully. But I am just requesting that as far as possible, hon. Members may try to keep their speeches short, so that we might get the veiws of all the sections of the House. I agree with the hon. Member.

Mr. Rajabhoj.

Shri Nanadas (Ongol—Reserved-Sch. Castes): May I make one submission?

Mr. Chairman: Please do not delay any more.

Shri Nanadas: I would like to make one suggestion.

Mr. Chairman: No more suggestions now. Mr. Rajabhoj.

श्री पी० एन० राजभोज (शोलापुर--रक्षित-अनुसूचित जातियां) : अध्यक्ष महोदय, पहले तो मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया। मुझे आज यह देख कर बहुत प्रसन्नता और सन्तोष होता है कि एक कांग्रेसी हरिजन की तरफ से ऐसा प्रस्ताव आया, इस तरह का प्रस्ताव तो आज से बहुत पहले आना चाहिए था। आज हमारे विधान को बने हुए दो, तीन वर्ष व्यतीत हो गये, लेकिन यह नहीं मालूम कि उसमें जो हमारे लिये लिखा है, उस पर अमल कब होगा, सिर्फ रेज्यूलेशन पास कर देने से ही काम नहीं बनने वाला है, यह ठीक है कि यह जरूर पास होना चाहिये और हम लोगों ने भी कई बार सरकार का ध्यान दिलाया था, मिनिस्टर साहब के पास डेपुटेशन ले गये और उन से मिले और कहा कि इस प्रकार का सरकार को क़ानून शीघ्र बनाना चाहिए। यह तो सत्य है कि इस देश में स्वतन्त्रता आ गयी है, लेकिन हम लोगों को उस स्वतन्त्रता का तनिक भी आभास नहीं होता और हम उसी तरह परतन्त्रता में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं, स्वतन्त्रता आने के पश्चात् हमारी दशा में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है और अछूतों की आज देहातों में हालत बिल्कुल जानवरों कुत्ते, बिल्ली जैसी है। लोग कहते हैं कि कान्स्टीट्यूशन बन गया, एक दिन स्पीकर साहब ने मुझ से कहा कि हिन्दुस्तान में छूतछात का मामला चला गया, कान्स्टीट्यूशन बन गया। यह तो खाली बात की बात है। मैं कहना चाहता हूं कि जब तक इस के बारे में कोई क़ानून नहीं होता, जब तक इस के लिये क्रिमिनल अफेन्स नहीं बनाया जाता तब तक कांग्रेस और दूसरे लोगों का दिमाग ठीक नहीं होगा। तब तक हमारी उन्नति मुश्किल है। मैं तो कभी कभी बोलने के लिये खड़ा होता हूं। लेकिन तब भी जो सवर्ण हिन्दू हैं, कांग्रेस के लोग हैं, मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं, क्योंकि मैं उनको महत्व नहीं देना चाहता, लेकिन वह कहते हैं कि राजभोज साहब हर वक्त पोलिटिकल प्रोपैगेंडा करते हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि यह एक बीमारी है, जो तुम लोगों ने इतने हज़ारों वर्षों से अछूतों को दबाया, गिराया, उस पाप को धोने के लिये यह जरूरी है उस को बदला जाय। जब तक यह पाप खत्म नहीं होगा तब तक हम लोगों को इस के लिये लड़ना ही पड़ेगा। पंडित नेहरू जी कहते हैं कि साउथ अफ्रीका में क्या हो रहा है, वहां के हिन्दुस्तानियों पर जुल्म हो रहा है। लेकिन मुझे कहना यह है कि तुम हिन्दुस्तान को तो देखो, साउथ अफ्रीका यहीं हो रहा है। आज आप लम्बी चौड़ी इन्टरनेशनल बातें करते हैं, लेकिन इस देश में गांव गांव में देहातों देहातों में आप को साउथ अफ्रीका देखने को मिलेगा। आज हिन्दुस्तान के पांच छः करोड़ अछूतों की जो दशा है, उन की आर्थिक दशा, उन की सामाजिक

[श्री पी० एन० राजभोज]

दशा, और उन की राजनैतिक दशा हिन्दुस्तान में सब से खराब है। मैं आप को अपने बम्बई प्रान्त की एक मिसाल बताता हूं। एक गांव में एक तहसीलदार चला जाता है, और उस तहसीलदार ने वहां के एक कामगार से कहा कि तुम जहां कहीं मुझे मिलो, वहां नमस्कार करो। उस कामगार ने कहा कि जब आफिस में मैं ड्यूटी पर होऊंगा तब आप को जरूर नमस्कार करूंगा। कहने लगे, नहीं नहीं, जहां मैं जाऊंगा वहां नमस्ते करना होगा। एक दिन तहसीलदार साहब गांव के बाहर पाखाने गये हुये थे, वहां जाकर बैठे तो वह कामगार जो अछूत था वहां गया और नमस्कार किया। तहसीलदार साहब ने पूछा यहां क्यों आया, तो उसने जवाब दिया कि आप ही ने तो कहा था कि जहां मिलना वहां नमस्कार करना। यह तो हालत है और अन्य प्रकार की हालत थी हमारे बम्बई के देहातों में रहने वालों की। अछूत बिल्कुल गुलाम हैं और इस गुलामी को नष्ट करने के लिये कोई प्रोग्राम नहीं है। पंचवर्षीय योजन बन गई, करोड़ों रुपये की सकीमें उस में बता दी गईं। लेकिन अछूतों की आर्थिक दशा को सुधारने के लिये अछूतों को छूआछूत को मिटाने के लिये कोई ऐसा प्रोग्राम नहीं जिससे हम लोग हिन्दुस्तान में आजादी से रह सकें। यहां के सामाजिक जीवन में हम लोगों की स्थिति इतनी खराब है, इतनी गिरी हुई है कि महात्मा जी ने खुद मुझे एक खत में लिखा था अछूतों के बारे में कि चाहे मैं और अन्य सवर्ण हिन्दू सेवा करते करते मर जायें लेकिन अछूतों की सेवायें कभी खत्म नहीं हो सकतीं। मेरे पास खत इस समय नहीं हैं, नहीं तो मैं पढ़ कर इस को सुनाता। हमारे बाबा साहब अम्बेडकर ने अपना जीवन उन्हीं के कार्य के लिये खर्च कर दिया, गांधी जी ने भी आवाज उठाई है। लेकिन मैं जानता हूं कि आवाज उठती है लेकिन उस पर अमल नहीं किया जाता है। हमारे अफसर सब तरह की बातें सुन लेते हैं, लेकिन अमल में नहीं लाते, इस वास्ते मेरी प्रार्थना यह है कि जो अछूतों का आर्थिक सवाल है, उनके छूतछात का मामला है, उनको सुधारने के लिये कानून की आवश्यकता है। हम नहीं चाहते हैं कि वह लोग हमेशा अछूत बने रहें। हम लोगों का समानता का अधिकार है, जैसा कान्स्टीट्यूशन में लिखा है कि सब को बराबरी का अधिकार है, वह हम को मिलना चाहिये। हमारी नौकरी के बारे में, हमारी आर्थिक दशा के सुधारन के बारे में और हम लोग जो देहातों में बिल्कुल गिरी हुई स्थिति में हैं उन को उठाने के बारे में फौरन विचार होना चाहिये और इन सब को ठीक करने के लिये हमें फ्री लीगल एड मिलनी चाहिये। देहातों में अछूतों की आर्थिक दशा इतनी खराब है कि

13 Noon

उनको भर पेट अनाज नहीं मिलता, किसी के पास कपड़ा नहीं, किसी के पास मकान नहीं। दिल्ली में इतने फारेनर्स आते हैं वह लोग इसको देखेंगे तो कहेंगे कि यह देश आजाद है या अभी तक पराधीन है? मैं तो कहता हूं कि देश आजाद हो गया, ठीक हुआ, मैं इस से नाराज नहीं, लेकिन साथ ही हिन्दुस्तान में हम लोगों की भी स्वतन्त्रता देने की पूरी तरह से कोशिश करनी चाहिये। स्वामी दयानन्द जी, स्वामी श्रद्धानन्द जी म० फुले, सावरकर कै० कोल्हापुर छत्रपति, बड़ौदा गायकवाड महाराजा, और हमारी पार्टी के लीडरों ने कुछ न कुछ कोशिश की है और अब भी कर रहे हैं। लेकिन जब हमारी तरफ से आवाज उठती है, तमाम विरोधी पार्टी की तरफ से जब मांग की जाती है तो सरकार उस पर कुछ ध्यान नहीं देती। जब कभी हम कुछ कहते हैं तो वह होम डिपार्टमेंट के पास जाता है,

उसके बाद सेक्रेटरी के पास जाता है और वहां से निगेटिव रिप्लाई आ जाता है। हम लोग मिनिस्टर से मिलते हैं तो वह कहते हैं कि बड़ा अच्छा काम है, हम इसको देखेंगे कि क्या किया जा सकता है। लेकिन सेक्रेटरी के पास जाता है तो उसका निगेटिव रिप्लाई ही मिलता है। नौकरियों के बारे में जब कलेक्टर्स, डिप्टी कलेक्टर्स, तहसीलदारों के पास जब हम जाते हैं, तो वे ध्यान नहीं देते और भी कास्ट रेस्ट्रिक्शन रहते हैं। कोई सफेद टोपी वाला गया तो उसका काम जल्दी हो जायेगा, लेकिन अगर कोई काला टोप वाला, सूट बूट में होगा तो कहेंगे कि अरे, आप तो अम्बेडकर पार्टी के आदमी हैं, (*Interruption*). इस तरह के डिस्टिंग्शन्स जो हमारी अथारिटीज हैं उनके दिमाग में हैं। इसी लिये मैं कहता हूं कि वह देश के सच्चे नागरिक नहीं हैं। वह तो अपने देश के साथ बेईमानी करते हैं। जो सरकारी नौकर हैं उन के दिमाग में तो यह होना चाहिये कि अछूत लोग भी हमारे भाई हैं, हमारे देश के लोग हैं, इन का उद्धार ही दृष्टियों से होना चाहिये। हम को सब प्रकार का छूतछात खत्म करना चाहिये। लेकिन आज कल हालत यह है कि: रघुपति राघव राजा राम, बिरला टाटा सब एकहि नाम, सबको परमिट दे भगवान् यह हो रहा है क्या यही अछूतों का उद्धार हो रहा है। जब कोई बोलने के लिये खड़ा होता है लोगों को बड़ा गुस्सा आता है, कहते हैं कि राजभोज बड़ा खतरनाक है। यहां नान वायोलेन्स, नान वायोलेन्स की बहुत आवाज सुनाई पड़ती है, लेकिन अभी जब हमारी देवी जी बोलने के लिये खड़ी हुईं तो एक सवर्ण हिन्दू आदमी धीरे से कहता है कि कांग्रेस के खिलाफ मत बोलो। अगर यही था तो यह रेज्योल्यूशन क्यों लाने दिया? जब कांग्रेस के खिलाफ रेजोल्यूशन लाये हो तो देवी जी तो बेचारी सद्भावना से लाई हैं, पर आप क्यों उन को बोलने से रोकते हैं? मैं उन का नाम नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन उनके पास एक सहाब बैठे हैं वह कहते हैं ऐसे बोलो। जब तुम्हारी ऐसी प्रवृत्ति है तब कैसे काम चल सकता है। जो हमारे नौजवान भाई हैं, जो हरिजन भाई हैं उनको अब पता हो गया है और अब तुम्हारे हाथ में वह नहीं रहेंगे। उन लोगों में एक ऐसी जाग्रति पैदा हो गई है कि आज तो आप के हाथ में ७२ हरिजन हैं, लेकिन पांच वर्ष अब खत्म होने वाले हैं, पांच वर्ष के बाद तुम लोगों को कोई नहीं पूछेगा। क्योंकि जितने तुम लोग आये हो वह हिन्दू के नाम से आये हो। डा० अम्बेडकर ने कान्स्टिट्यूशन बनाया, उसी अम्बेडकर को गिराने के लिये हिन्दू लोगों ने कोशिश की। रघुपति राघव राजाराम बोलने वाले लोग जो हैं, गांधी जी का नाम लेने वाले जो लोग हैं उन में बड़ी गन्दगी है! बगल में छुरी और मुंह में राम है। यह हालत हो रही है, उन का दिल सच्चा नहीं है। मैं चाहता हूं कि तुम सच्चे दिल से काम करो। आज जिन हरिजनों को आप ने अपने साथ पकड़ रक्खा है, जो कांग्रेस के हरिजन हैं वही आवाज उठायेंगे। सभानेत्री जी, जब मैं बोलने लगता हूं तभी घंटी बज जाती है। यह क्या है? मैं जानता हूं कि मैं माइनारिटी में हूं इसलिये यह किया जाता है, लेकिन अगर आप आज्ञा देंगी तो मैं कुछ सजेशनन्स रक्खूंगा।

Mr. Chairman: Why are you wasting your time? ? दो तीन मिनट में सजेशनन्स दे दीजिये।

श्री पी० एन० राजभोज: जब मैं बोलता हूं तो बहुत से मेम्बर बिल्ली की तरह चूं चूं करते हैं। मेरी प्रार्थना है सभापति महोदय कि मेरे कुछ पाइंट्स हैं.....

Mr. Chairman: Order, order. I think we should allow the non. Member to proceed.

Shri Namdhari (Fazilka-Sirsa): If the hon. Member wants to proceed uninterrupted he should not talk like this.

Mr. Chairman: The hon. Member will please speak in order.

श्री पी० एन० राजभोज: यह जो नामधारी है यह एक बड़ा जमींदार है। क्या इसके भी एक दिल है।

Shri Bhagwat Jha (Purnea *cum* Santal Parganas): On a point of order; may I know if the hon. Member can speak. *'Tum nahin janta hai'*. I want to know whether it is parliamentary to say, *'Namdhari ek aisa admi hai'*? He does not know what is parliamentary and what is not. I do not want the hon. Member to speak in that tone.

Mr. Chairman: I should think the hon. Member should not use the word, *'Tum'*; he should use the word *'Ap'*.

श्री पी० एन० राजभोज: मेरी मातृभाषा हिन्दी नहीं है। मैं यह कह रहा था कि यह जो दाढ़ी वाले नामधारी साहब हैं वह एक जमींदार हैं जो कि हरिजनों की जड़े काटने वाले हैं। यह अंधेर नगरी और चौपट राज्य है। ऐसे लोग हरिजनों को बरबाद कर रहे हैं। मेरा कहना यह है कि जब तक हमारा शिड्यूल्ड कास्ट का अफसर नहीं होगा तब तक हमारा काम नहीं होगा। काका कालेलकर को शिड्यूल्ड कास्ट कमीशन का चेयरमैन बनाया गया है। शिड्यूल्ड कास्ट वालों के लिये तो किसी शिड्यूल्ड कास्ट के अफसर को रखना चाहिये था। आप उनकी आर्थिक कठिनाइयों को दूर कीजिये। उनको नौकरी दिलाने का प्रयत्न करना चाहिये। पब्लिक सर्विस कमीशन में एक शिड्यूल्ड कास्ट का मेम्बर होना चाहिये। जब हम लोग कुछ बोलते हैं तो हिन्दू लोग कहते हैं कि हम उनके शास्त्रों के विरुद्ध बोलते हैं। हम लोगों को जब नौकरी देने की बात आती है तो अफसर लोग ऊपर नीचे देखते हैं और हमारे साथ अन्याय होता है। मैं गवर्नमेंट से अपील करना चाहता हूं कि जब तक वह हमारे लिये प्रयत्न नहीं करेगी तब तक हमारा उद्धार नहीं हो सकता। हम लोकतन्त्र से काम करना चाहते हैं। अभी तक हम कम्युनिस्ट नहीं बने हैं। जब हम कम्युनिस्ट बन जायेंगे तो तुम लोगों को यहां बैठना मुश्किल हो जायगा। हम लोकतन्त्र को मानते हैं। लेकिन जो काम हो वह जल्दी होना चाहिये यह मेरी अपील है।

श्री पी० एल० बारुपाल (गंगानगर झुझनूं-रक्षित–अनुसूचित जातियां): सभापति महोदय, सदन के सामने जो हरिजन अयोग्यता निवारण का प्रस्ताव है मैं उसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। आज भारत को स्वतंत्र हुए करीबन ६ साल हो गए हैं और जो हमारा संविधान बना है उसके अन्दर भी ऐसी व्यवस्था की गयी है कि हरिजनों को बराबर का अधिकार दिया जाय। लेकिन हमें दुःख के साथ कहना पड़ता है कि वह कानून सिर्फ तिजोरियों के अन्दर पड़ा हुआ है। आज हमारी अवस्था में कोई फर्क नहीं पड़ा है। मैं आपको बताऊं कि आज हम इस स्वतन्त्र भारत में एक नारकीय जीवन बिता रहे हैं, नर्क कुण्ड के कीड़ों का सा जीवन बिता रहे हैं। कहने के लिये तो हमारी सरकार बहुत कुछ कहती है, बड़े बड़े डिपार्टमेंट भी खोले हैं लेकिन जो पैसा उन डिपार्टमेंट्स पर खर्च होता है वह हरिजनों के पास नहीं पहुंचता है। जो अधिकारी हैं वह अपने बड़े बड़े टी० ए० बिल्स बना देते हैं और सारा रुपया उसमें चला जाता है। केवल नाम के लिये यह कहा जाता है कि हम तुम्हारे लिये ये कर रहे हैं वह कर रहे हैं। कहने का मतलब यह है कि आज भी हमारी अवस्था ज्यों की त्यों बनी हुई है। मैं तो यहां तक कहने के लिये तैयार हूं कि पहले से भी हालत खराब हो गयी है। आज हमारे ऊपर गांवों म वह जुल्म हो रहे हैं जो पहले कभी नहीं हुए थ।

हरिजनों के अपने कुएं नहीं हैं । जब वह कुओं पर पानी भरने जाते हैं तो उनको उनके पास आने नहीं दिया जाता । उनको गड्ढों का पानी पीने को मिलता है । हरिजनों के कुंओं के अन्दर जानवरों की हड्डियां डाल दी जाती हैं । सारी बातें तो मैं आपको नहीं बता सकता । अभी २३ सितम्बर को मैं बीकानेर गया था एक सिनेमा में जो कि सरकारी है । एक मित्र श्री धर्मपाल जी एम० एल० ए० राजस्थान के थे । हमने चाय का एक गिलास मांगा और जब चाय पीकर हम गिलास वापस देने लगे तो उन गिलासों को ठुकरा दिया गया । हम से कहा गया कि अगर तुम एम० पी० हो तो दिल्ली में हो वहां पर जो चाहो सो करना, यहां पर तो बीकानेर है । यहां पर यह व्यवस्था नहीं है । जबकि एक एम० पी० का यह हाल है तो छोटे लोगों का क्या हाल होता होगा यह आप अनुमान कर सकते हैं । मेरे कहने का मतलब यह है कि हरजिनों को मंदिरों व होटलों में नहीं जाने दिया जाता, पानी नहीं भरने दिया जाता, नाई उनकी हजामत नहीं बनाते, धोबी कपड़े नहीं धोते, कुओं पर और जो भी सामाजिक अधिकार हैं उससे हरिजन वंचित हैं । हरिजनों में उठने की भावना नहीं रही है, उनका जीवन मृतप्राय सा है, उनमें कोई ऐसी भावना नहीं है कि वह अपने आप को उठा सकें, वह बुराइयों के शिकार होते जा रहे हैं । वह समाज से हमेशा दूर रहे हैं और समाज ने हमेशा उनका बहिष्कार किया है । अगर आप हमें सहूलियतें दे रहे हैं तो यह कोई हमारे साथ दया नहीं है । अगर कोई समाज किसी व्यक्ति को पंगु बना दे, उसके हाथ पैर तोड़ दे और फिर मरहम पट्टी करे तो यह दया नहीं है, यह तो पाप का प्रायश्चित् है । हम को हिन्दू समाज ने हमेशा दबाया है और कुचला है । इसलिये अब वह जो भी सहूलियतें हम को दें वह थोड़ी हैं । हम को स्वतन्त्र हुए पांच साल से ज्यादा हो चुके हैं । हम से कहा जाता है कि दस बरस के अन्दर सब के समान अधिकार हो जायेंगे । मैं नहीं समझ सकता कि पांच साल के अन्दर आप यह कैसे कर सकेंगे । पांच वर्ष से ज्यादा तो बीत गए हमारे जो बड़े बड़े कांग्रेस के भक्त बने हुए हैं पूज्य बापू का गीत गाते हैं, और जो बड़े बड़े पदों पर हैं उनका भी हृदय परिवर्तन नहीं हुआ है । वह भी हरिजनों के हाथ का पानी पीना पसन्द नहीं करते हैं । यह बड़ी लज्जा की बात है । ऐसे लोगों को तो संस्था से निकाल देना चाहिए । अगर सरकारी कर्मचारी हैं तो नौकरी से हटा दिया जाये इसी प्रकार से हम हरिजनों की संख्या की बात है । अगर ईमानदारी से देखा जाय तो हिन्दुस्तान में हरिजनों की संख्या दस करोड़ से कम नहीं है । लेकिन बहुतों से कह दिया जाता है कि तुम शिड्यूल्ड कास्ट में नहीं हो । इस तरह से उनकी संख्या कम करके उनको वंचित किया जाता है । इसका मतलब तो यह है कि यह एक चाल है और यह इसलिए चली जाती है कि उनके ऊपर ज्यादा पैसा न खर्च करना पड़े । हरिजनों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है जैसे कि एक पत्थर की मूर्ति के आगे भोजन रख कर उठा लिया जाता है और उसको अंगूठा दिखा दिया जाता है । इसी प्रकार हमारे नाम से यह भक्त फायदा उठाते हैं । आज हरिजनों के साथ यही बरताव हो रहा है । अगर गवर्नमेंट को वास्तव में ईमानदारी से हरिजनों की उन्नति करनी है तो उनको शिड्यूल्ड कास्ट वालों के लिये एक केन्द्रीय कानून बनाना चाहिये और जो उसकी अवहेलना करे उसको सख्त सजा देनी चाहिए और जो कर्मचारी इस काम को करने में आनाकानी करें उनको मुअत्तिल कर दिया जाय । और

[श्री पी० एल० बारुपाल]

सजा दी जाये । इसी प्रकार का कानून पास करें जो देश व्यापी हो। इसकी क्या धारायें होनी चाहियें यह दूसरे बोलने वाले बतायेंगे। मैं इतना और कहना चाहता हूं कि राजस्थान में बीकानेर व जोधपुर का ऐसा इलाका है कि जहां पर जो बलाई हैं, मेघवाल भांभीं वगैरह है वह सब चमार हैं लेकिन उनको शिड्यूल्ड कास्ट का नहीं माना जाता। अगर उनको शिड्यूल्ड कास्ट का गिना जायगा तो सरकार को उनके बच्चों को वजीफा देना पड़ेगा उनके बच्चों को पढ़ाना पड़ेगा और उनके लिये सीटें रिजर्व करनी पड़ेंगी और उनको सहूलियतें देनी पड़ें इसलिये इस काम में आना कानी की जाती है । उनको नौकरियां नहीं दी जातीं हैं। अगर वह बेचारे किसी की सिफारिश से या लड़ झगड़ कर पहुंच जाते हैं तो जो लोग ऊंचे अधिकारी होते हैं वह उनको तंग करते हैं और उनको अनेक यातनायें देते हैं और उनके विरुद्ध षड्यन्त्र रचते हैं और उसको ऐसी मुश्किल में डाल देते हैं कि उसको तंग आकर नौकरी छोड़ आना पड़ता है । सच्ची घटना है–एक हरिजन नौकरी करने गया। पहले तो उसको लिया नहीं गया और कहा गया कि तुम शिड्यूल्ड कास्ट का सरटीफिकेट लाओ । जब उसने सर्टीफिकेट दिया तो नौकरी मिली । लेकिन उससे कहा गया कि तुमको इस जगह पर नहीं रखा जा सकता क्योंकि तुम हरिजन हो कोई तुम्हारे हाथ का पानी नहीं पीता । जब उसने शिकायत की और उसकी जांच हुई तो उससे कहा गया कि तुम झूठ मूठ यह कह दो कि ऐसी बात नहीं हुई। जब उसने दस्तखत करने से इंकार कर दिया तो मारने के लिये पिस्तौल ले कर उस के सामने आया कि तुम को मार दूंगा । मैं तो इसका सबूत दे सकता हूं और बता सकता हूं कि कैसी यह बात है । लेकिन कुछ होता नहीं कौन सुनते हैं इसमें आप परिवर्तन कीजिये । समाज के हृदय बदलने की बात कही जाती है हिन्दू समाज के हृदय नहीं है। उनका हृदय पत्थर है । अगर हृदय होता तो कितनी सदियों से हरिजन आपकी सेवा करते आये हैं, आप ने उन के लिये क्या किया । आप के बच्चे सर्दी के दिनों में ऐश आराम करते हैं । आप के बच्चे गदेलों पर सोते रहते हैं । हमारे पास कोई अलार्म करने नहीं होता, कोई व्हिसल नहीं होती, कोई जगाने नहीं आता, पर ठिठुरती हुई सर्दी में हम और हमारी बहनें और माताएं उठती हैं और आप का मैला उठाने जाती हैं। भला बताइये कि इससे ज्यादा क्या सेवायें हो सकती हैं।

तो सभापति महोदया, ऐसी हमारी हालत है। आप देखें कि जो परिश्रम करते हैं वह नीच और जो मांग कर खाए निकम्मे, ऐश आराम में पड़े सोते रहते हैं वह ऊंचे । जो अच्छा काम करे वह नीचा और जो बुरा काक करे वह ऊंचा । आप ही इस में इंसाफ़ कीजिये कि यह हमारे साथ क्या हो रहा है । (इस समय घंटी बजी ।) तो मुझे कहना तो बहुत था। लेकिन मेरे दूसरे हरिजन भाई भी बहुत हैं, उनको भी बोलना है । इस प्रस्ताव में भी हमारे साथ एक चाल चली जा रही है कि इस को विदड्रा कर लिया जाय। पर यह नहीं होना चाहिये और आप इस प्रस्ताव को निर्विरोध पास करियेगा । अब मैं अधिक नहीं कहता । मुझे पूर्ण आशा है कि सदन इसे पास करेगा।

Shri B. S. Murthy: When I look at those Treasury benches, I see the amount of interest which the Congress Government is taking in Harijan uplift. There is only one solitary representative of the Government. I pity him. I also thank him.

An Hon. Member: He represents the Government.

Shri B. S. Murthy: Government is represented in the woods outside.

I want to ask one straight question. Does the Government think that the Harijan problem can be relegated to the future? Has it forgotten that Mahatma Gandhi staked his life to find a solution for this problem? Is it oblivious of the potentialities of the strength of the Harijan problem? Does it want a revolution in this country? Does it want the Harijans to revolt against this apathy? The Harijan youth today is having a volcano in his heart, and that volcano will burst any time. So, please do think seriously of this problem. We are not asking for crores of rupees. We are not asking you to come and serve us in any political field. We want a comprehensive legislation to fulfil the assurance you have given to us in the Constitution. You have said there that untouchability will be removed lock, stock and barrel. So many years have passed. Where is the comprehensive legislation? Mr. Pannalal has just given you an instance of even an M.L.A. and an M.P. being subjected to inhuman treatment by some of the caste Hindus in the *mofussil* districts. Please recall to mind a recent happening in Hyderabad, where a Minister belonging to the Harijan community wanted to enter the temple, and the priest locked the temple, put the key somewhere and walked away. He did not want the Harijan Minister to enter the temple. The Minister had some courage and broke open the doors and performed *puja* after entering the temple. I do not know whether the god was there or whether the *pujari* had taken the god also with him. You may laugh, but these things are making Harijans more and more bitter. Let this bitterness not turn into rage.

The Resolution under consideration makes a simple request, namely, a comprehensive law for the punishment of the practice of untouchability. Do you want untouchability to live? Perhaps, you do. Gandhiji said, "If you want me to live, untouchability must die; if you want untouchability to live, I must die." You have killed Gandhiji; therefore, untouchability seems to be having its own day. For God's sake, open your hearts. Think of the problem. It is not merely one that concerns the Harijans. It concerns the safety, security, progress and advancement of India as a whole. It is not a labour problem. For the sake of refugees, Committees are being organised and any amount of deliberation is carried, on but when a few more lakhs of rupees are asked for for Harijan scholarships, when a committee for the welfare of Harijans is asked for, or when a few questions for elucidation are put, you laugh, deride and jeer. Perhaps you consider the Harijan as unimportant in this *Ram Rajya*. Do not illtreat us. You have done so far long. For centuries, India has had the caste system. For centuries, untouchability has been perpetrated and foisted on us. For centuries, you have treated us as the lepers of society. The day may not be far when we ourselves will come into power. Let not our bitterness today make us treat you as the niggers and lepers of society. This caste-ridden society will not have its heyday for ever. See history. See what happened in Russia, China, Japan, France or England. "The old order changeth, yielding place to new," says a poet. (*Prof. D. C. Sharma*: Tennyson.) I am much obliged. The hon. Member is a Professor of English, but I want him to be a Professor of Sociology or Social Service. I want his help, not intellectual, but help from the heart. Gandhiji insisted on a change of heart. It is visible now, but the change is for the worse. Power has intoxicated the Congress. I was a Congressman once and went to jails. I need not repeat that. You should not abuse power and grind the poor man more and more. I am really sorry that neither the Prime Minister nor the Home Minister is here. Perhaps, they have been kindnapped by the capitalist forces outside.

Shri Nambiar (Mayuram): They are very busy outside.

